आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 15 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 22 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

## 'राज्य स्तरीय कुंठित मानसिकता' और मोदी की साख...

क्या यह समय और समझ, दोनों के रिवर्स गियर में आ जाने वाला मामला है? भाजपा ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चुनने के नाम पर अपनी आखिरी सूची में चुन-चुनकर जो गलतियां दोहराई हैं, उन्हें देखकर आरंभ वाला सवाल अर्थहीन नहीं लगता है। नरेंद्र मोदी वर्ष 1998 के चुनाव में मध्यप्रदेश भाजपा के प्रभारी बनाकर भेजे गए थे। उनका पद भले ही बड़ा था, लेकिन कद के मामले में राज्य के कई दिग्गज भाजपा नेता मोदी पर हावी थे। इसलिए टिकट वितरण में दिग्गज नेताओं की ही चली और मोदी की दाल नहीं गली। फिर जब पार्टी 1993 के बाद लगातार दूसरी बार 1998 में भी विधानसभा चुनाव हारी, तब इसकी मूल वजह मनमाने टिकट वितरण को ही माना गया। क्योंकि, उन दिग्गजों को यह मुगालता हो गया था कि भाजपा की जीत तय है, फिर चाहे प्रत्याशी कोई भी क्यों न हो।



प्रकाश भटनागर

मोदी आज प्रधानमंत्री हैं। राज्य में फिर चुनावी घमासान का मौक़ा है। अब कद और पद, दोनों के चलते मामला यह कि व्हाया भाजपा संगठन, इस सारे अभियान की सीधी कमान मोदी के हाथ में है। प्रत्याशी चयन में भी उनका रसूख 'मर्जी के बगैर पत्ता भी नहीं हिल सकता' वाला है। मगर जो 229 नाम भाजपा ने घोषित किए हैं, उनमें से कई को देखकर यह विश्वास नहीं होता कि यह चयन मोदी सहित अमित शाह जैसे दिग्गज रणनीतिकारों ने किया है। बल्कि यही लग रहा है कि एक बार फिर 1998 जैसा ही मामला है। कहा गया है कि आइना वही रहता है, चेहरे बदल जाते हैं। मध्यप्रदेश भाजपा में 1998 वाले चेहरे बदल गए, लेकिन आइना वही है, जो दिखा रहा है कि राज्य में इस पार्टी ने उस ऐतिहासिक भूल से कोई सबक नहीं लिया है। टिकट वितरण में जिस किस्म की 'राज्य स्तरीय मानसिकता' हावी दिख रही है, उसे देखकर तो यही लगता है कि इस दिशा में उनकी चली, जो इस चुनाव में अपने निजी राजनीतिक शुभ-लाभ की दुकान का शटर हमेशा के लिए गिर जाने की आशंका के चलते इस तरह पार्टी की संभावनाओं को कमजोर करने पर आमादा हो गए हैं।

राज्य में कई ऐसे लोगों को भाजपा का प्रत्याशी बना दिया गया है, जो पार्टी की जीत की संभावनाओं को बट्टा लगाने की घातक क्षमताओं से सुसज्जित हैं। इनमें से ज्यादातर ऐसे, जिनका पार्टी सहित अपने क्षेत्र के भीतर भी तगड़ा विरोध है। वे जीत की संभावनाओं के लिहाज से चुके हुए कारतूस हैं। मतदाता के बीच उनकी छवि 'थकेले' वाली है और वह उन्हें 'धकेले' जाने का पूरी तरह मन बना चुका है। यह तथ्य किसी भारी-भरकम टीम के सर्वेक्षण के बगैर भी आसानी से पता लगाया जा सकता है। ऐसा सबको पता भी है, लेकिन यह नहीं पता कि इस सबके बावजूद कई सीटों पर ऐसे 'काहिल' किस तरह भाजपा के लिए 'काबिल' वाली सूची में जगह बनाने में सफल हो गए?

वैसे तो कांग्रेस की हालत भी इससे अलग नहीं है। उसने भी मध्यप्रदेश में कई ऐसे लोगों को 'नगीने' की तरह गले लगाया है, जो हकीकत में किसी 'नमूने' से अधिक हैसियत नहीं रखते हैं। पार्टी ने भले ही 229 नामों वाली अपनी दो लिस्ट शुभ मुहूर्त में जारी की हैं, लेकिन इनमें कई चेहरे ऐसे हैं, जो पार्टी के लिए अभी से अशुभ वाली फेहरिस्त में खड़े हुए साफ़ नजर आते हैं। मामला वही 2003 के विधानसभा चुनाव वाला है। तब दिग्विजय सिंह चुनाव मैनेजमेंट की अपनी थ्योरी के दंभ में चूर थे। इसके चलते पार्टी के लिए जीत की हैट्रिक वाली संभावनाएं चूर-चूर हो गईं। क्योंकि प्रत्याशी चयन में दिग्विजय की चली और इसके नाम पर गलतियों के चलते पार्टी अस्ताचल में चली गई।

तो क्या कांग्रेस की इस स्थिति को देखते हुए ही भाजपा ने आज जारी पांचवीं सूची में कई घनघोर रूप से कमजोर चेहरों पर भी दांव लगा दिया है? क्या उसे यह यकीन है कि कांग्रेस के अब तक जारी 229 नामों में से अधिकतर ऐसे हैं, जिन्हें भाजपा के टिकट पर खड़ा कोई भी व्यक्ति हरा सकता है? यदि ऐसा है तो तय मानिए कि भाजपा 1998 वाली मानसिकता को दोहराने की दिशा में बढ़ चली है। यह भी तय मानिए कि अब नतीजा यदि बिगड़ा तो फिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी ही इसके लिए जिम्मेदार माने जाएंगे। फिर भले ही मामला नेपथ्य में 'राज्य स्तरीय कुन्ठाग्रस्त मानसिकता' से पूरी तरह प्रेरित साबित क्यों न हो। राज्य के स्तर पर ऐसे चेहरे एक, दो या तीन तक हो सकते हैं। फिर तालाब का पानी गन्दा करने के लिए तो एक ही मछली पर्याप्त होती है।

# सिंधिया गुट का सूपड़ा साफ

### नपा के बाद विस चुनाव में भी निराश हुए समर्थक, संसदीय क्षेत्र में एक भी सिंधिया समर्थक को नहीं मिला टिकिट

### गरोठ से चंदरसिंह, जावरा से राजेंद्र पाण्डे, नीमच से दिलीपसिंह परिहार और मनासा से अनिरुद्ध मारु मैदान में

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा ने विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस सूची में शेष बचे 94 में से 92 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें संसदीय क्षेत्र में बचे हुए गरोठ, जावरा, नीमच और मनासा भी शामिल है। आश्चर्य की बात यह है कि सिंधिया समर्थकों को नपा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी निराश होना पड़ा है। संसदीय क्षेत्र की 8 में से एक भी सीट पर सिंधिया समर्थक को टिकीट नहीं मिला। जबकि गरोठ, मनासा और जावरा में सिंधिया समर्थको की तगड़ी दावेदारी मानी जा रही थी। इन तीनों जगहों में से एक जगह कम से कम सिंधिया समर्थक का टिकीट तय माना जा रहा था। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। अब क्षेत्र में यह कहा जा रहा है कि सिंधिया गुट का सुपड़ा साफ हो गया है। भाजपा ने गरोठ से चंदरसिंह सिसौदिया को मैदान में उतारा है। वहीं मनासा से अनिरुद्ध मारु पर फिर से भरोसा जताया है। नीमच से दिलीपसिंह परिहार पुनः मैदान में होगे। जावरा से राजेंद्र पाण्डे को टिकीट दिया गया है। इसके अलावा बात करें रतलाम ग्रामीण की तो मथुरालाल डावर मैदान में होंगे।

#### तीन विधायकों पर भरोसा, एक का टिकट कटा...

संसदीय क्षेत्र में पांचवी सूची में जितने भी टिकीट फाईनल किए गए है। वह सभी विधायक रह चुके हैं या वर्तमान में विधायक है। नीमच से दिलीपसिंह परिहार, जावरा से राजेंद्र पाण्डे और मनासा से अनिरुद्ध मारु विधायक है। वहीं चंदरसिंह सिसौदिया भी गरोठ से पूर्व में विधायक रह चुके हैं। मतलब पूर्व और वर्तमान पर भाजपा ने भरोसा जताया है। इधर बात करें तो जहां तीनों विधायकों को रिपीट किया गया है तो वहीं गरोठ विधायक देवीलाल धाकड़ का टिकीट काटा गया है।






#### पहले नपा चुनाव, अब विस...

नगरपालिका चुनाव में सिंधिया समर्थकों को खासी निराशा झेलना पड़ी थी। यहां तक की पार्षद रह चुके सिंधिया समर्थकों को ही टिकीट नहीं दिया गया। जिसमें विजय गुर्जर और संजय राठौर जैसे नाम शामिल है। बताया जाता है कि पार्षद के टिकीट के लिए भोपाल तक सिंधिया समर्थकों ने चक्कर लगाए थे। नपा चुनाव से ही सिंधिया समर्थकों का जिले में राजनीतिक कॅरियर डावाडोल हो चुका था।

#### इस बार भी थी दावेदारी...

इसके अलावा विधानसभा चुनाव की बात करें तो जावरा से केके सिंह कालूखेड़ा तगड़ी दावेदारी कर रहे थे। गरोठ से मुकेश काला का नाम चल रहा था। मनासा से विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा की दावेदारी थी। कुल मिलाकर एक का टिकीट तय माना जा रहा था। लेकिन, किसी को भी टिकीट नही मिला।

#### चौथी बार लड़ेंगे परिहार...

नीमच से भाजपा के दिलीप सिंह परिहार चौथी बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। दिलीप सिंह पूर्व में तीन बार में विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2003, 2013 और 2018 के चुनाव जीते है। पहले से ही विधायक दिलीप सिंह परिहार की दावेदारी काफी हद तक मजबूत मानी जा रही थी। हालांकि, दिलीप सिंह परिहार के सामने कई दिग्गज दावेदार जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जैन थे। जिन्हें पार्टी ने दरकिनार कर दिलीप सिंह परिहार पर चौथी बार विश्वास जताया है।

#### कैलाश चावला सहित कई थे मनासा से दावेदार...

मनासा विधानसभा क्षेत्र से अनिरुद्ध मारु भाजपा के टिकिट पर दूसरी बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। वर्ष 2018 के चुनाव में मारू ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 27 हजार से अधिक मतों से हराया था। मारू के सामने भी पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह मालाहेड़ा, बंशीलाल गुर्जर, मदनलाल राठौर, राजेश लढा सहित कई मजबूत दावेदार थे। मगर पार्टी ने अनिरुद्ध को इन सबसे बेहतर माना और उन पर अपना विश्वास जताया है। मारू लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो उन्हें अंतिम समय पर भाजपा में शामिल कर टिकट दिया था। नीमच और मनासा की सीट पर काफी खींचतान चला रही थी। ऐसे में पार्टी ने आखिर में दोनों ही वर्तमान विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही नेता अपनी पार्टी का विश्वास जीतने में तो कामियाब रहे हैं। पर आगामी चुनाव में जनता का विश्वास कहां तक जीतते है, यह समय ही बताएगा।

## पुलिया के नीचे बंधा मिला शव, हत्या की आशंका

### मृतक की शिनाख्तगी में जुटी पुलिस

**मनासा/रामपुरा, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव दुदलाई और जन्नोद के बीच नीमच-झालावाड़ मार्ग पर शुक्रवार रात एक पुलिया के नीचे शव होने की जानकारी लोगों को मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए रामपुरा के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

बताया जा रहा है कि मृतक की आयु करीब 25 से 30 वर्ष की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति की हत्या कर शव को बांधकर यहां फेंका गया होगा। शव की हालत से अंदाजा लगया जा रहा है कि शव कुछ दिन पुराना है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हुई है। वहीं पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

#### इनका कहना...

सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिया के नीचे कपड़े में बंधे शव की जानकारी मिली थी। पुलिस ने पहुंचकर शव को निकालकर पीएम के लिए पहुंचाया है। प्रथम दृष्टिया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। इस मामले की जांच की जा रही है, जांच में जो भी निष्कर्ष निकलेगा, सामने आ जाएगा।

**विमलेश उइके**
**एसडीओपी मनासा**

# करणी सेना बिगाड़ेगी प्रत्याशियों का खेल

### मंदसौर सहित अनेक स्थानों पर उतारेंगी उम्मीदवार

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** करणी सेना सुप्रीमो जीवनसिंह शेरपुर ने प्रदेश के 80 विधानसभा क्षेत्रो से उम्मीद्वार उतारने की घोषणा की है। इसमें मंदसौर, सुवासरा और गरोठ भी शामिल है। यदि ऐसा होता है तो कहीं कांग्रेस तो कहीं भाजपा प्रत्याशी को नुकसान होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। करणी सेना प्रत्याशी हारे या जीते, यह एक अलग विषय है। लेकिन, कहीं न कहीं इससे राजपूत वोट दिशा बदल सकते हैं।

प्रदेश की राजधानी में इस साल 8 जनवरी को महा आंदोलन कर सुर्खियों में आए करणी सेना परिवार संगठन ने शनिवार को चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। संगठन की 18 सूत्रीय मांगे दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों द्वारा नजरअंदाज किए जाने के बाद करणी सेना परिवार ने 80 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। संगठन के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने भी जावरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पत्रकारो से चर्चा में जीवन सिंह ने कहा कि दोनों ही पार्टियों में कुछ ऐसे लोग हैं जो परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं और नए लोगों को राजनीति में आने से रोक रहे हैं। आंदोलन की लड़ाई से लोकतंत्र की लड़ाई में प्रवेश कर रहे हैं। जनता के बीच जाकर अपनी बात रखेंगे और चुनाव जीतेंगे।

बताया गया कि मालवा, निमाड़ और ग्वालियर चंबल संभाग में वादा खिलाफी करने वाले दोनों पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपने उम्मीदवार खड़े करने की तैयारी भी करणी सेना परिवार ने कर ली है। खासकर मालवा क्षेत्र की नीमच, जावद, मनासा, सीतामऊ, मंदसौर, जावरा, आलोट, बदनावर, बड़नगर, महिदपुर और नागदा जैसी सीटों पर करणी सेना परिवार राजनीतिक समीकरण बदलने की स्थिति में है। संगठन के यादवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि रतलाम के जावरा में शनिवार को हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में जावरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के साथ ही 67 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए गए हैं।

#### कई जनप्रतिनिधि हुए बैठक में शामिल...

करणी सेना परिवार द्वारा जावरा में बुलाए गए कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में सर्व समाज के कार्यकर्ता शामिल हुए। जीवन सिंह शेरपुर के समर्थन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशु निनामा, तीन जिला पंचायत सदस्य, जावरा नगर परिषद के पार्षद सहित आसपास के गांव के सरपंच और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में जीवन सिंह शेरपुर ने जावरा विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। जीवन सिंह 26 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे रैली के साथ नामांकन दाखिल करने जाएंगे।

## अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने पर कार्रवाई, 97 बेग पटाखें जप्त

**गरोठ, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को खजूरी दौड़ा रोड पर एक गोदाम में अवैध रूप से भरे विस्फोटक पटाखो पर राजस्व एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान गोदाम से 97 बेग में लाखों रूपए कीमत के पटाखे जप्त किए गए।

थाना प्रभारी उदय सिंह अलावा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक गोदाम में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई है। जिसके बाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार गरोठ के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। इसमें खजूरी दौड़ा रोड पर पवन पिता मोहनलाल काला के गोदाम पर 97 बेग में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री पटाखे रखे हुए थे। पूछताछ में पता चला कि दीपावली के लिए पटाखे मंगाए गए थे। इसके बाद सभी बेग को पैक कर लाइसेंस धारी भंडारण करने वाले बरखेड़ा गंगासा गोदाम पर पटाखे रखे गए हैं। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

#### मीडियाकर्मी के साथ मारपीट

नगर में खबर कवरेज करने के दौरान एक व्यक्ति द्वारा मीडियाकर्मी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने इसकी शिकायत गरोठ थाना प्रभारी को की है। जिसमें कहा गया है कि हरिश पिता नरेन्द्र सांकला निवासी खटीक मोहल्ला गरोठ का निवासी हूं। शनिवार 21 नवम्बर की दोपहर करीब ढाई बजे ग्राम खजुरी दौड़ा मार्ग पर ब्रजेश कारा के यहां अवैध पटाखा गोदाम पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देने की सूचना मिलने पर खबर कवर करने के लिए पहुंचा था। जब वहां फोटो और वीड़ियो ले रहा था तभी मौके पर मौजूद श्यामलाल पिता बालाराम खाती ने मुझे फोटो और वीड़ियो बनाने से रोका। जब मैंने कहा कि आप कौन है मुझे क्यूं रोक रहे है। इतने में श्यामलाल ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## ट्रक ने बाईक सवारों को रौंदा, एक की मौत, एक घायल

**गरोठ, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर गांव बरड़िया इस्तमुरार में एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। जिसे गरोठ सरकारी अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के पश्चात मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार गरोठ से मजदूरी करके अपने घर गांव बामणी जाते हुए रोड़ सिंह पिता सौदान सिंह सोंधिया राजपूत, गोविंद पिता कन्हैयालाल प्रजापति को भानपुरा की तरफ से आते हुए ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीए 6850 ने रौंद दिया। जिसमें गोविंद पिता कन्हैयालाल उम्र लगभग 30 वर्ष की मौके पर मौत हो गई व रोड सिंह पिता सौदान सिंह उम्र लगभग 31 वर्ष को गंभीर हालत में 108 से शासकीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण उसे मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दो शराब तस्करों को 3-3 साल की सजा, 25-25 हजार रूपए जुर्माना

**नारायणगढ़, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बहुचर्चित शराब तस्करी केस मे आरोपी हिरा उर्फ़ जीतेन्द्र पटेल और दीपक बौराना को 3-3 साल की सजा और 25-25 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

साल 2020 में 19 मई को थाना प्रभारी नारायणगढ़ ने मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए सौम्या फंटे पर नाकाबंदी कर दीपक बौराना नारायणगढ के कब्जे से मारुती कार से 21 पेटी प्लेन शराब जब्त की थी। उसी समय हिरा उर्फ़ जीतेन्द्र पटेल नारायणगढ़ अपनी इको स्पोर्ट कार मे 30 पेटी शराब ले जा रहा था, जो पुलिस नाकेबंदी को तोड़ कर भाग निकला और पीछा करने पर भी पकड़ मे नहीं आया।

पुलिस ने मौके की कार्यवाही कर थाना हाजा पर आरोपियो के विरुद्ध धारा 34/2 आबकारी अधिनियम मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर आरोपी दीपक पिता अशोक बौराना नारायणगढ, हिरा उर्फ जीतेन्द्र पिता अशोक पटेल नारायणगढ और कमल बागरी बोरखेड़ी इंदौर के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय नारायणगढ मे पेश किया था। प्रकरण मे विचारण पूर्ण होने पर प्रकरण को निर्णय के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंदसौर को भेजा गया। जिसमे न्यायालय ने हिरा उर्फ जीतेन्द्र पटेल और दीपक बौराना को शराब तस्करी का दोषी पाते हुए 3-3 साल के सश्रम कारावास और 25-25 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया और आरोपी कमल बागरी को दोषमुक्त किया। अभियोजन का संचालन सहायक अभियोजन अधिकारी बिहारीसिंह बघेल नारायणगढ़ द्वारा किया गया।

# निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवार समर्थकों के हाथ बांधे

### पहले लेना होगी अनुमति, प्रचार किया तो जुड़ेगा खर्च




**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधियो व नेताओ के समर्थक बढ़चढ़ कर एक्टिव थे। लेकिन, अब चुनाव आयोग ने इस मामले में सख्ती कर दी है। विधानसभा चुनाव के दौरान अब उम्मीदवार सोशल मीडिया पर सीधे प्रचार-प्रसार नहीं कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत अब सोशल मीडिया और वेबसाइट पर प्रचार के लिए भी अनुमति लेनी होगी।

आयोग ने माना है कि सोशल मीडिया और वेबसाइट भी रेडियो-केबल टीवी की तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हैं। जिस पर किए जाने वाले चुनाव प्रचार को कानूनी रूप में विनियमित करना आयोग का अधिकार है। इसलिए आयोग ने तय किया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले चुनावी प्रचार का खर्चा संबंधित प्रत्याशी के खाते में शामिल किया जाएगा। साथ ही राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों से भी कहा है कि बिना अनुमति के सोशल मीडिया का उपयोग चुनावी प्रचार में न करें।

#### यहां है परमिशन जरूरी...

भारत निर्वाचन आयोग ने साफ किया है कि सोशल मीडिया एक्स (ट्वीटर), फेसबुक, यूट्यूब, विकिपीडिया और एप्स पर कोई भी विज्ञापन या एप्लीकेशन देने से पहले इसकी अनुमति अवश्य लेना होगी। यह अनुमति मीडिया सर्टिफिकेशन ऑफ मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) देगी। इसके लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन का खर्चा भी राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी के चुनावी खर्च में शामिल होगा। चुनावी खर्च में उन व्यक्तियों एवं टीम के वेतन व भत्ते भी शामिल होंगे, जो उम्मीदवार या राजनीतिक दल का सोशल मीडिया अकाउंट या वेबसाइट संचालित करने का काम करते हैं।

#### टेक्स्ट मैसेज का भी होगा सर्टिफिकेशन...

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों द्वारा मोबाइल पर भेजे जाने वाले एसएमएस और वॉयस मैसेज भी जारी करने के पूर्व मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया निगरानी समिति से प्रमाणित कराना अनिवार्य किया है। आयोग ने कहा है कि यह जरूरी है कि बल्क एसएमएस एवं वॉयस मैसेज की भी मॉनिटरिंग की जाए। ताकि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान इस सुविधा का दुरुपयोग न हो सके।

#### खुद के ब्लाग, वेबसाइट के लिए नहीं लेना होगी परमिशन...

चुनाव आयोग ने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार स्वयं के ब्लॉग, वेबसाइट अथवा सोशल मीडिया अकाउंट पर इस तरह की सामग्री चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पोस्ट या अपलोड करता है तो उसे राजनीतिक विज्ञापन नहीं माना जाएगा और इसके लिए उसे मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी से प्री-सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होगी।




**शहिदों को पुष्पांजलि-** देशभर में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की याद में पुलिस स्मृति दिवस पर जिला पुलिस लाइन मंदसौर में कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजित सिंह, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, नपा सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह, एएसपी श्री गौतम सोलंकी, एएसपी गरोठ सुश्री हेमलता कुरील समेत जिले के राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारी एवम जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवम प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आरआई डॉ कृष्ण प्रताप सिंह तोमर ने किया। आभार एएसपी श्री गौतम सोलंकी ने माना। कार्यक्रम में सेंट थॉमस स्कूल का बैंड भी उपस्थित रहा।

## विचार-मंथन



# चीनियों में क्यों बढ़ता लाटरी का क्रेज

जब देश में अर्थव्यवस्था कंगाली की तरफ बढ़ने लगे, लोगों की नौकरियां जाने लगें, निर्यात ठप्प पड़ जाए, विदेशी कम्पनियों के साथ देशी कम्पनियां भी देश छोड़कर पड़ोसी देशों में अपनी फैक्टरियां लगाने लगें, रोजगार खत्म होने लगें और लोगों की जेब में पैसों की... जब देश में अर्थव्यवस्था कंगाली की तरफ बढ़ने लगे, लोगों की नौकरियां जाने लगें, निर्यात ठप्प पड़ जाए, विदेशी कम्पनियों के साथ देशी कम्पनियां भी देश छोड़कर पड़ोसी देशों में अपनी फैक्टरियां लगाने लगें, रोजगार खत्म होने लगें और लोगों की जेब में पैसों की कमी होने लगे, ऐसे में जब भविष्य में भी आशा की कोई किरण न दिखाई दे तब लोगों में हताशा, निराशा, कुंठा और आक्रोश जन्म लेता है। ऐसे वातावरण में लोग आगे बढ़ने और पैसा कमाने के लिए या तो ईश्वर की शरण में जाते हैं या फिर धरती पर ही कुछ ऐसा करते हैं जो उन्हें सिर्फ बर्बादी की तरफ ले जाता है। चीन में इन दिनों ऐसा ही हाल है। युवा वर्ग के साथ-साथ अधेड़ावस्था में पहुंचे लोग भी इन दिनों जमकर लाटरी खरीद रहे हैं। इन लोगों को पूरा भरोसा है कि चीन में मेहनत से इतने पैसे कभी नहीं कमाए जा सकते जितने एक झटके में लॉटरी से जीते जा सकते हैं। इससे लॉटरी टिकट बेचने वालों की चांदी जरूर हो गई है। इस वर्ष चीन में लॉटरी खरीदने में पिछले वर्ष की तुलना में 53 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है जो एक अभूतपूर्व रिकार्ड है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट अब भी जारी है। इस समय चीन में लॉटरी टिकट बिक्री नए रिकार्ड बना रही है। इस वर्ष अगस्त महीने में लोगों ने 52.957 अरब चीनी युआन के लॉटरी टिकट खरीदे। यह धनराशि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53.6 फीसदी अधिक है। एक सरकारी आंकड़े के अनुसार वर्ष 2023 में जनवरी से अगस्त महीने के बीच चीन में कुल लाटरी टिकट 375.76 अरब युआन के बिके, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 51.6 फीसदी अधिक हैं। चीन में एक महिला इंटरनैट इंफ्लूएंसर हर महीने एक लाख युआन के लॉटरी टिकट खरीद रही है। इस घटना के बाद इंटरनैट पर उसकी प्रसिद्धि और अधिक बढ़ गई। चीनी सोशल मीडिया सीना वेईबो पर एक नेटिजन (वैबसर्फर) ने लिखा है कि युवा लोगों में इस समय 50 लाख युआन की लॉटरी जीतने की ज्यादा संभावना है, जबकि काम करके इतने पैसे कमाने की संभावना न के बराबर है। इस मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए शंघाई विश्वविद्यालय के फाइनांस और अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफैसर हुआंग चिंनशिंग ने एक साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान स्थिति यह दिखाती है कि लोगों का विश्वास कमजोर होती अर्थव्यवस्था से उठता जा रहा है। वे जानते हैं कि अब पारम्परिक तरीके से काम करके पैसे नहीं कमाए जा सकते। ऐसे में वे लॉटरी का टिकट खरीदकर जल्दी ही अमीर बनने का सपना देखने लगते हैं। लेकिन इसमें सबसे ज्यादा फायदे में अगर कोई रहता है तो वो है सरकार, जो इन लॉटरी के टिकटों को बेच रही है। कुछ विश्लेकों का कहना है कि यह जरूरी नहीं कि चीनी लोग जल्दी अमीर बनने के लिए ही लॉटरी का टिकट खरीदते हैं, बल्कि वे रोजमर्रा की जद्दोजहद और निराशा के बीच एक छोटी-सी लॉटरी जीतकर अपने जीवन में ऊर्जा का संचार और आशा की किरण भर लेना चाहते हैं परन्तु इन सबके बावजूद चीनी लोगों को आर्थिक तंगी से जल्दी छुटकारा नहीं मिलने वाला।

# हमास के बदले का संताप क्यों झेलें फिलिस्तीनी

-ब्रिगे. कुलदीप सिंह काहलों (रिटा.)

फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास की ओर से इसराईल के साथ युद्ध छेड़ा गया है। इसराईली प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू ने इस्लामिक आतंकी समूह को चेतावनी दी है कि युद्ध बेशक उनके देश ने शुरू नहीं किया मगर वह इस युद्ध को समाप्त जरूर करेंगे। इसराईल की नव-गठित आपातकालीन सरकार (वार टाइम) की पहली बैठक 15 अक्तूबर को आयोजित हुई जिस दौरान नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हमास और गाजा का नामो-निशान मिटाकर रख देंगे।

जमीनी हमले की चेतावनी के संदर्भ में इसराईली सेना ने गाजा सरहद के इर्द-गिर्द तोपों और टैंकों के साथ मोर्चे संभाल लिए हैं और गोले तो फिलिस्तीन के साथ-साथ लेबनान के ऊपर भी दागे जा रहे हैं। तबाहकुन हवाई हमले के कारण गाजा पट्टी की घेराबंदी कर ली गई है। अब तक हजारों निहत्थे निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं और अनगिनत मलबों के नीचे दफन हो गए हैं।

राष्ट्रीय सहायता ग्रुप ने चेतावनी दी है कि इसराईल की ओर से गाजा में खाने-पीने की वस्तुओं, पानी, दवाइयों की कमी और बिजली सप्लाई ठप्प होने के कारण मौतों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार हजारों की तादाद में फिलिस्तीनी बेघर हुए हैं। इनमें से अधिकतर यू.एन.ओ. की ओर से



चलाए जा रहे 92 स्कूलों में शरण ले चुके हैं। हजारों की गिनती में लोग अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। ताजा हवाई हमले में गाजा शहर के अस्पताल में 500 लोगों की मौत हो गई। यहां सवाल यह पैदा होता है कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे, अपाहिज व्यक्ति, बुजुर्ग अपना घर छोड़ कर अब कहां शरण लें? वहीं, व्हाइट हाउस ने इसराईल को बिना शर्त समर्थन देने का वायदा दोहराया है। अमरीका ने दूसरा जंगी विमान वाहक पोत भी इसराईल के निकट पहुंचा दिया है। 18 अक्तूबर को अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसराईल पहुंच कर कहा कि हमास के बेरहम आतंकी हमले के आगे मैं इसराईल के साथ मजबूती से खड़ा हूं। जानकारी यह भी है कि जो बाइडेन ने जोर्डन के किंग, मिस्र के राष्ट्रपति और फिलिस्तीनी अथॉरिटी के राष्ट्रपति के साथ जो बैठक करनी थी उसे भी स्थगित कर दिया गया है। ईरान लेबनान तथा कुछ अन्य अरब देश उजड़े हुए फिलिस्तीनियों की हर तरह से सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। यह मामला अत्यंत गंभीर और उलझा हुआ है। बाज वाली नजर = इसराईल की ओर से स्पष्ट तौर पर युद्ध की घोषणा करने के उपरांत गंभीर मानवीय संकट पैदा हो चुका है जिसका समाधान ढूंढने के लिए सबसे अधिक जिम्मेदारी अमरीका की बनती है और अरब देशों के साथ मिलकर युद्ध बंदी तय करनी होगी नहीं तो मानवता का खात्मा निश्चित तौर पर होगा। आतंकवाद किसी भी देश, समाज, धर्म या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्यों न हो, उसके खिलाफ एकजुट होकर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत होती है। मगर इस सिलसिले में मासूम बच्चों, उपचाराधीन व्यक्तियों, निहत्थे अंजान और निर्दोष फिलिस्तीनियों का सफाया करने से मसला हल नहीं होगा। निस्संदेह 1930-40 के दौरान नाजियों ने यहूदियों का अंत करना चाहा और इस दौरान 60 लाख से अधिक लोग मारे गए। यहूदी बड़ी गिनती में फिलिस्तीन पहुंचने लगे। 1914 में प्रथम विश्व युद्ध के समय फिलिस्तीन ओटोमन साम्राज्य का हिस्सा था जोकि बाद में इंगलैंड के नियंत्रण में आ गया। 1922 में फिलिस्तीन में 89 प्रतिशत अरब तथा 11 फीसदी यहूदी लोग थे। आधुनिक इसराईल में 74 प्रतिशत यहूदी और 21 प्रतिशत अरब हैं। यहूदियों को सदियों से कायम फिलिस्तीन में बसाने की योजना पश्चिम देशों ने बनाई जोकि आज भी इसराईल की पीठ ठोक रहे हैं। सदियों से अपने वतन को छोड़ कर फिलिस्तीन लेबनान तथा कुछ अन्य अरब देशों की ओर रुख कर गए। गाजा केवल 365 वर्ग किलोमीटर वाला क्षेत्र है। लेबनान का हिजबुल्लाह संगठन प्रत्यक्ष तौर पर हमास के साथ जुड़ चुका है और सीरिया के ऊपर भी इसराईल ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र की पीसकीपिंग फोर्स में 900 के करीब भारतीय सैनिक भी हैं। हम भारत सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहते हैं ताकि संयुक्त राष्ट्र में यह मामला उठाया जा सके। यदि इसराईल-हमास जंग में युद्धबंदी का ऐलान न किया गया तो यह युद्ध समस्त मानवता के लिए खतरा होगा। भारत को इस ओर ध्यान देने की जरूरत होगी। हमास के हमले के बदले का संताप फिलिस्तीनी क्यों झेलें।

# पंजाब के बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम



-मनमोहन सिंह (उपसचिव लोकसंपर्क, पी.एस.पी.सी.एल.)

इसके अलावा विभिन्न स्तरों पर झगड़ा निपटान कमेटियां भी कायम की गई हैं। पी.एस.पी.सी.एल. की ओर से पी.एस.ई.आर.सी. (फोरम तथा ओमबड्समैन) रैगुलेशन-2016 में संशोधन किया गया जिसे पी.एस.पी. सी.एल. की ओर से वाणिज्य गलती पत्र संख्या 39/2021 तिथि 28 अक्तूबर 2021 के द्वारा अपना लिया गया था। इस संशोधन के तहत विभिन्न उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमों का गठन किया गया जिसके अनुसार आबंटन संस्था के विभिन्न मंडल, क्षेत्र और जोनल स्तर के प्रमुख अभियंताओं ने अपने-अपने स्तर के फोरमों के चेयरमैन नियुक्त किए। प्रत्येक फोरम में चेयरमैन के अतिरिक्त द्वितीय अधिकारी, वाणिज्य शाखा के अधिकारी, स्वतंत्र सदस्य तथा नामांकित सदस्य होते हैं। इसके तहत मंडल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में 50,000, क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में 2 लाख तथा जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में 5 लाख रुपए तक के झगड़े वाली राशि के मामलों की सुनवाई की जाती है। प्रभावित उपभोक्ता अपनी शिकायत संबंधी जरूरी दस्तावेज लगाकर निर्देशों के अनुसार अपने क्षेत्र से संबंधित फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसी संशोधन के तहत राज्य स्तर की कार्पोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सी.सी.जी.आर.एफ.) का गठन किया गया जिसका मुख्यालय लुधियाना में है जहां 5 लाख रुपए से अधिक झगड़े वाली राशि के मामलों की सुनवाई की जाती है। उसके अतिरिक्त मंडल, क्षेत्र और जोनल स्तर के फोरमों के निर्णयों से यदि कोई बिजली उपभोक्ता संतुष्ट न हो तो वह उन फैसलों के विरुद्ध अपील कार्पोरेट फोरम में कर सकता है। कार्पोरेट फोरम में नए या अपील केसों की रजिस्ट्रेशन की विधि बेहद सरल है और इस संबंधी कार्रवाई उपभोक्ता की ओर से अपने स्तर पर बिना किसी बाहरी व्यक्ति (वकील इत्यादि) की सहायता के की जा सकती है। बिजली उपभोक्ता की ओर से अपने मामले संबंधी केस फाइल करने के लिए निर्धारित प्रपत्र कार्पोरेट फोरम के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या यह पी.एस.पी.सी.एल. की वैबसाइट से डाऊनलोड किया जा सकता है। सभी संबंधित दस्तावेज भर कर फोरम के कार्यालय, 220 के.वी. सब स्टेशन, सामने वेरका मिल्क प्लांट, फिरोजपुर रोड लुधियाना स्थित जमा करवाए जा सकते हैं। जो उपभोक्ता कार्यालय में नहीं आ सकते वे अपना केस डाक के द्वारा भी भेज सकते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता कार्पोरेट फोरम की ई-मेल secy.cgr-fldh@gmail.com के द्वारा भी अपना पूरा मामला दस्तावेज सहित भेज कर इसे फोरम में लगवा सकते हैं। उपभोक्ता टैलीफोन नंबर 0161-2971912 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। बिजली उपभोक्ताओं को स्पष्ट किया जाता है कि कृपया इस नंबर पर बिजली सप्लाई संबंधी सम्पर्क न किया जाए। कार्पोरेट फोरम का चेयरमैन पी.एस.पी. सी.एल. का कोई भी वर्तमान मुख्य अभियंता (इलैक्ट्रिकल) होता है।

इसके प्रत्येक मैंबरों में कोई भी वर्तमान मुख्य लेखाधिकारी, सदस्य-वित्त, एक आजाद सदस्य और एक निगरान अभियंता स्तर का वाणिज्य शाखा पटियाला का अधिकारी स्थायी तौर पर आमंत्रित होता है। पी.एस.पी.सी.एल. के कार्पोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के चीफ इंजी. कुलदीप सिंह के अनुसार उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की स्थापना से लेकर अब तक 300 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के केसों का निपटारा किया जा चुका है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि यदि कोई बिजली उपभोक्ता कार्पोरेट फोरम के फैसलों से संतुष्ट न हो तो वह इस फैसले के खिलाफ माननीय लोकपाल (बिजली), पंजाब मोहाली में अपील कर सकता है।

# रिश्ते और रिश्तों में बंधा जीवन आज पीछे छूट रहा

आज के बदलते परिवेश में आधुनिकतावाद की होड़ में इंसान भले ही बहुत आगे निकल गया है, लेकिन रिश्ते और रिश्तों में बंधा जीवन कहीं पीछे छूट रहा है। सब जानते और पहचानते हुए भी इंसान अपनी वर्तमान परिस्थितियों से अक्सर मुंह फेर लेता है और एक अजीब-से अनदेखेपन में लोगों की जिंदगी खप रही है। यों देखें तो हर तरफ चकाचौंध से भरी जिंदगी में सब बहुत आकर्षक और सहज दिखाई देता है, लेकिन हकीकत में जरा करीब होकर देखा जाए तब स्थिति इसके एकदम उलट दिखती है। यह जीवन दो-ढाई दशक पहले तक कई मायनों में बहुत ही सादगी भरा और दिखावे से कोसों दूर और वास्तविकता के बहुत पास होता था। तब मनुष्यता के जितने गुण सोचे और तय किए गए हैं, वे सब आसपास के परिवेश के दिख जाते थे। लेकिन आज सरलता और सहजता से दूर दिखावे और स्वार्थ से भरा हुआ जीवन ही ज्यादातर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसमें वयस्क या बुजुर्गों की तो दूर, हमने बच्चों तक को नहीं छोड़ा है। उनको भी शीशे की तरह इस पल-पल बदलते स्वार्थ और व्यवहार के अनुकूल ढाल दिया है। हालांकि इसका खमियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है। एक स्वस्थ माहौल की जमीन, जो किशोरावस्था से युवावस्था की दहलीज पर खड़े बच्चों को मिलनी चाहिए थी, वह परवरिश, जिसमें पूर्वजों से विरासत में मिले संस्कार और पुरातन से नवीनीकरण में तब्दील परंपराओं की जो धरोहर उन्हें सौंपी जानी चाहिए थी, उसके स्थान पर हम अपनी भावी पीढ़ी को दम तोड़ती संवेदनाएं, संकीर्णता में लिप्त सोच, विचारों में नकारात्मकता के भाव सौंप रहे हैं और खुद से विरक्त कर रहे हैं। समाज के उच्च और निम्न वर्ग में पहले और आज में इतना फर्क नहीं दिखाई पड़ता, जितना उच्च और निम्न मध्यवर्ग की जीवनशैली और तौर-तरीकों को देख कर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी तेजी से बहुत कुछ बदल रहा है। हर व्यक्ति के भीतर एक दूसरे से ज्यादा चमक दिखाने की होड़-सी लगी है और इसमें आगे निकल जाने की प्रतिस्पर्धा में हमारे बच्चे भी साथ खड़े हैं। सबसे धनी और संपन्न बनने की चाह में हमने इस सरल जिंदगी को गुमराह करके इतना जटिल बना दिया है कि अब इसमें जीवन के तत्वों को खोजना पड़ता है। एक-एक पल अब किसी न किसी कारण से तनावपूर्ण और कठिनाइयों से भर गया लगता है। आज हम अपनी जरूरतें अपने ही भीतर दफन करते जाते हैं तो कहीं गैरजरूरी बातों और चीजों को जीवन की जरूरत के रूप में अपना लेते हैं। वास्तविक जरूरतों को तवज्जो न देकर समाज में सबसे सर्वश्रेष्ठ और वैभव संपन्न बनने की चाह में न चुकता होने वाले अनचाहे असीमित कर्ज के बोझ तले दब जाने वाले लोगों को देख कर लगता है कि इस भूख की आखिरी मंजिल कहां होगी। इस तरह जिंदगी के कुदरती रंग को खोते हुए बेमानी होड़ में शामिल होकर हम शायद यह ध्यान रखना भूल गए हैं कि इसके नतीजे भविष्य में बड़े दर्दनाक हो सकते हैं। यह वर्तमान में भी आसपास ही दिखने लगे हैं, जब अक्सर लोग इंसानी मूल्यों और संवेदनाओं के ऊपर अपने दिखावे की प्रवृत्ति को तरजीह देते दिखते हैं। या तो अपने ऐश्वर्य का प्रदर्शन उन्हें प्यारा होता है या फिर वे आभासी दुनिया के सुख को ही सच मान लेते हैं। जबकि इससे भावनाओं और संवेदनाओं की जमीन खोखली होती जाती है। सवाल है कि क्या ऐसे लोग खुद भी अपने साथ संवेदनहीन व्यवहार पसंद करेंगे? हालात ऐसे हैं कि इस फैशनपरस्त दौर में सामान महंगा मिलता है, मगर जान की कीमत बहुत सस्ती है।




## आज का राशिफल

मेष: [illegible] आज का भाग्यांक: 2

वृषभ: [illegible] आज का भाग्यांक: 1

मिथुन: [illegible] आज का भाग्यांक: 5

कर्क: [illegible]

सिंह: [illegible] आज का भाग्यांक: 2

कन्या: [illegible] आज का भाग्यांक: 4

तुला: [illegible] आज का भाग्यांक: 6

वृश्चिक: [illegible] आज का भाग्यांक: 3

धनु: [illegible] आज का भाग्यांक: 5

मकर: [illegible] आज का भाग्यांक: 9

कुंभ: [illegible] आज का भाग्यांक: 7

मीन: [illegible] आज का भाग्यांक: 4

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5030

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5031

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | ■ | 9 | | |
| | ■ | | ■ | 10 | | ■ | |
| | | 11 | 12 | | ■ | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | |
| 16 | | | ■ | 17 | 18 | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | ■ | 21 | | |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. करीब 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी इस नृत्यांगना अभिनेत्री का 21 अक्टूबर 1939 को जन्म दिन है (3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
8. अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाला (4)
9. मस्तक, माथा, पेशानी (3)
10. कच्चे आम या इमली का बना खट्टा-मीठा पदार्थ (2)
11. हिंदू धर्म के लोग इस पौधे को पवित्र मानते है, कार्तिक मास में इस पौधे का पूजन हर हिंदू के घर में होता है (3)
14. राजमुकुट, शिखा (2)
15. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत् चले, भग (2)
16. आईना, कांच, शीशी (3)
17. महबूब खान के निर्देशन में बनी फिल्म आन (1952) इस अभिनेत्री की पहली फिल्म थी (3)
19. युद्ध, जंग, लड़ाई (2)
21. उपद्रव, फसाद (3)
22. मित्र, दोस्त, पुराना मित्र (2)
23. नामधारा, विलासता, अमृत (2)

ऊपर से नीचे

1. पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका जो संगीतकार रवींद्र जैन की पसंदीदा गायिकाओं में से एक थी (4)
2. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
3. विश्वकर्मा के पुत्र नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर सेतुपुल (4)
5. पराई करना, पूंजी निवेश करना (3)
6. इस फल को कदली भी कहते है (2)
7. बैडमिंटन की गेंद को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
10. दग्ध अन्न, दलित हीन (4)
12. कोमलकांत, सुंदर स्त्री (2)
13. लंकाधिपति रावण की प्रसिद्ध बहन (4)
15. राजसत्ता, साम्यीकरण (4)
16. ईश्वर दर्शन (3)
18. मन, हृदय, चित्त (2)
20. पिता के पिता को प्यार से यह कहते है (2)

### वर्ग पहेली 5030 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ले | का | ■ | सी | ता | रे | ठ |
| ग | ब | न | ■ | प | ल | ■ | ग |
| मे | ■ | न | म | ना | ■ | का | ना |
| सा | प | ■ | हा | ■ | द | ■ | ■ |
| व | ह | ■ | दे | व | रि | पु | ■ |
| न | र | दे | व | ■ | का | र | ■ |
| स | ■ | व | ■ | ■ | दि | का | ना |
| ■ | ■ | र | सा | त | ल | ■ | से |

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष लोकेश जाट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिलाध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष को भेजे इस्तीफे में जाट ने लिखा कि पार्टी के ही कुछ पदाधिकारी मुझे पार्टी के हर कार्यक्रम से दूर रखते है। नगर अध्यक्ष का दायित्व होने के बाद भी मुझे मान-सम्मान नही दिया। क्षेत्र के विधायक की कार्यप्रणाली से परेशान होकर मैं अपना इस्तीफा दे रहा हूं।

## वेल्डिंग के दौरान झुलसे पूर्व सरपंच ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** बरखेड़ा जयसिंह के पूर्व सरपंच सत्यनारायण शर्मा निवासी (बालागुढ़ा) का 47 वर्ष की आयु में शनिवार को अहमदाबाद में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। 8 दिन पूर्व वे स्वयं की दुकान पर वेल्डिंग कार्य के दौरान झुलस गए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अहमदाबाद भर्ती कराया था।

## पंपकर्मी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पंपकर्मी के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नारायणगढ़ पेट्रोल पंप पर कर्मचारी प्रदीप ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पंप पर पेट्रोल भराने आए राजू यादव से वाहन की ढक्कन बन्द करने की बात पर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर शुक्रवार को रात्रि गरबा देखने के दौरान राजू ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने राजू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## एसएसटी एवं एफएसटी ने 11 लाख रूपए नकद सीज किए

**उज्जैन, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** शनिवार को नरवर थाना अंतर्गत पालखंदा में एसएसटी दल ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से नकद 8 लाख रूपए एवं एफएसटी दल ने कोतवाली थाना अंतर्गत बुधवारिया से 3 लाख नकद जब्त किए हैं।दोनों ही मामलों में संबंधित नकदी को लेकर टीम को स्थल पर पुख्ता प्रमाण नहीं दे सके हैं। नरवर थाना प्रभारी मुकेश इजारदार ने बताया कि पालखंदा में चेकिंग के दौरान देवास की और से आ रही कार को रोक कर तलाशी ली गई।कार में आष्टा निवासी अमानअली एवं उनका ड्रायवर सवार था।तलाशी के दौरान इनके पास से 8 लाख रूपए नकदी मिली। अमानअली ने बताया कि वे प्रापर्टी कारोबारी हैं और नकदी लेकर उज्जैन जा रहे हैं लेकिन वे नकदी का पुख्ता प्रमाण पेश नहीं कर सके। इस पर एसएसटी दल ने नकदी सीज की कार्रवाई की है। इसी प्रकार शनिवार अपरांह बुधवारिया से एफएसटी दल ने मोहन पिता द्वारका से एक झोले में भरे 3 लाख रूपए नकदी जब्त किए हैं। मोहन का कहना है कि वह शराब कारोबारी का मुनिम है और कलेक्शन जमा करने बुधवारिया स्थित बैंक में जा रहा था।टीम ने नकदी को लेकर उससे प्रमाण मांगने पर वह स्थल पर प्रमाण नहीं दे सका।

## श्री सांवलिया गौशाला कुचड़ौद में पू. सन्त स्वामी मणि महेश चैतन्यजी महाराज और अन्य संतों ने गौमाता को लाप्सी का लगाया भोग...

# गौमाता को बताया सनातन धर्म का आधार स्तम्भ



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भगवती जगदम्बा मॉ भगवती दुर्गा की उपासना-आराधना के महान हिन्दू सनातन नवरात्र पर्व शुभारंभ के अवसर पर श्री सांवलिया गौशाला कुंचड़ौद में 450 से अधिक गौमाता को श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया के पूज्य युवाचार्य संत स्वामी मणि महेश चैतन्यजी महाराज एवं अन्य संतों के साथ गौ सेवकों ने गौमाता को लापसी का भोग लगाया। लापसी का भोग एडवोकेट रामप्रताप कुमावत परिवार के सौजन्य से लगाया गया। पतंजलि योग संगठन जिलाध्यक्ष योगगुरू बंशीलाल टांक, कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ कुण्डेल, गौशाला सचिव कारूराम करा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुण्डेल, पवन कुमार दीक्षित, छगन बागड़िया आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वामी मणि महेश चैतन्यजी महाराज ने भारत की देशी गौमाता को हिन्दू सनातन धर्म का मुख्य आधार स्तम्भ बताते हुए कहा कि गौमाता जिसमें हिन्दूओं के 34 करोड़ देवी देवताओं का निवास बताया गया हैं धरा पर जब भी अत्याचार, पापाचार, दुराचार बढ़ता है उसे मिटाने के लिये भगवान के अवतीर्ण होने के जो चार कारण रामचरित मानस में बताये है विप्र धेनु सुर संत हित लन्हि मनुज अवतार उनमें दूसरा कारण गौमाता पर अत्याचार संकट को बताया गया है। द्वापर युग में कंस के अत्याचार को मिटाने जब भगवान कृष्ण ने अवतार लिया तब ब्रज के राजा नन्द के राजकुमार होने के बावजूद मथुरा जाकर कंस का वध करने से पहले किशोर अवस्था में भगवान कृष्ण ने एक साधारण ग्वाला बनकर वृंदावन में गाये चराई। स्वयं कृष्ण ने अपने हाथों से गौमाता की सेवा की। सतयुग में स्वयं राजा दिलीप ने गाय की सेवा की। राजा दिलीप ने गौ माता की रक्षा के लिये भूखे शेर के सामने अपने को खाने के लिये सौंप दिया। ऐसे कई उदाहरण शास्त्रों में वर्णित है।

गौमाता को पशु नहीं हमारी जन्मदात्री मॉ से बढ़कर सम्मान दिया गया है। समुद्र से निकले अमृत को किसी ने देखा चखा नहीं है परन्तु गौमाता का दूध को ही अमृत माना गया हैं। यदि किसी शिशु की जन्म लेते ही कारणवश उसकी माता की मृत्यु हो जाये तो तब गौमाता का दूध ही उसे बढ़ा करता हैं। दूध ही नहीं गौमूत्र से कई बीमारियों को दूर किया जा रहा है। गौमाता से बढ़कर दयालु ममतामयी मॉ और कोई नहीं हैं विदेशी भी अब गौमाता के दूध की महिमा समझकर गौमांस के लिये कत्ल करने के बदले गौ पालन करने लगे है। परन्तु इससे बढ़कर हमारा दुर्भाग्य ओर क्या होगा कि जिस गौमाता की पूजा विदेशों में होने लगी है पर हमारे देश में गोपाल की उन्हीं गायों को आधुनिक बुचड़खानों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कत्ल किया जाकर जहाजो में भरकर टनों में उनका मांस विदेशों में बेचा जा रहा है। इससे बढ़कर विडम्बना और क्या होगी कि गोपाष्मी दिवाली आदि पर्वों पर हम जिस गौमाता की पूजा करते हैं, दीपावली के दूसरे दिन जिस गाय के गोमय (गौबर) से गोवर्धन बनाकर पूजते है उसी गाय को एक तरफ गोपालकों ने सड़कों चौराहों पर आवारा पशु बनाकर पेट भरने को नगर व गांव में झूंठा, गंदा, कुड़ा कचरा प्लास्टिक खाने को छोड़ दिया और दूसरी तरफ सरकार गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उनकी हत्या के कलंक दूर नहीं कर पा रही है। स्वतंत्र आजाद भारत से यह घोर कलंक कब मिटेगा जिसके लिये स्वयं गांधीजी ने अंग्रेजों की गुलामी से देश आजाद होने के बाद कहा था कि जब तक भारत में गौ हत्या का घोर कलंक नहीं मिटेगा तब तक आजादी अधूरी रहेगी।



## गांधीनगर क्षेत्रवासियों ने गरबा पांडाल में लिया शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** स्थानीय गांधीनगर में श्री नवदुर्गा गरबा मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि में भव्य गरबों का आयोजन किया जा रहा है जहां क्षेत्रवासी प्रतिदिन महाआरती व आकर्षक गरबा नृत्य कर माता की आराधना कर रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने गरबा पाण्डाल में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में मतदान करने का संकल्प लिया। सभी को संकल्प गरबा मण्डल संरक्षक धर्मपालसिंह देवड़ा ने दिलाया।

इस दौरान शिक्षाविद् धर्मपालसिंह देवड़ा ने मतदान के महत्व से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि मतदान करना सबका मौलिक अधिकार है। लोकतंत्र में हर एक मत अमूल्य है, इसलिए इसका उपयोग करना जरूरी है। यह बेकार न जाने पाए। गरबा मण्डल अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति ने कहा कि जीतना अधिक मतदान होगा उतनी अच्छी सरकार बनेगी। लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक मत का अपना महत्व है। आपने सभी से अपने परिवार व इष्टमित्रों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर गरबा मण्डल संरक्षक कुशालसिंह शक्तावत, राजेन्द्रसिंह राणा, भंवरसिंह पंवार, गोवर्धनसिंह सौलंकी, मनोहरलाल चौहान, रतनलाल चौहान, रामसेवक श्रीवास्तव, अशोक गौड़, राजेन्द्रसिंह सिसौदिया, राजेन्द्रसिंह राणावत, धर्मपालसिंह देवड़ा, सुरेश शर्मा, मदनलाल मालवीय, उपाध्यक्ष सुरेश जोशी, आशीष बंसल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्रसिंह सिसौदिया, महासचिव बिंदुपालसिंह राठौर, सचिव जितेन्द्र गौड़, संगठन सचिव रघुवीरसिंह देवड़ा, व्यवस्थापक जगदीश मालवीय, घनश्याम माहेश्वरी, दिनेश रेठा, गोपाल बंसल, संचालक सुनील बसेर, हस्तीमल सांखला, भंडारा प्रभारी विनोद ओझा, पूरणमल प्रजापति, सत्यनारायण राव, कुणाल बैरागी सहित क्षेत्र की माताएं बहने व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में युवा मतदाताओं में जागरूकता हेतु मेहंदी रचना एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत महाविद्यालय के युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं खेल विभाग द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदान की अनिवार्यता थीम पर मेहंदी रचना एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु युवाओं को जागरूक किया गया।

युवा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु छात्राओं ने अपने हाथ पर मतदान की अनिवार्यता पर मेहन्दी रची और सबको मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मेहन्दी रचना प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर डॉली दरियानी, द्वितीय स्थान पर राधिका बैरागी एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से अर्पिता चौधरी एवं नाज़िया विजेता रहीं। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रितु, द्वितीय स्थान पर डॉली दरियानी एवं तृतीय स्थान पर साक्षी माथुर विजेता रहीं। संस्था प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा एवं स्वीप नोडल प्रो. अनिल कुमार आर्य ने उपस्थित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई। महाविद्यालय के कैम्पस एम्बेसडर रवि राज शर्मा एवं भानु कारपेंटर ने कक्षाओं में विद्यार्थियों शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया। इस अवसर एन.एस.एस. जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोरा मुवेल, डॉ. खुशबू मण्डावरा, डॉ. सीमा जैन, डॉ. श्वेता चौहान, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, प्रो. संतोष कुमार शर्मा, प्रो. के.के. टुटेजा, प्रो. रोशन सितारा, प्रो. राजेश भावसार समेत एन.एस.एस. के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक अरूणकुमार का नीमच आगमन हुआ



**नीमच, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नीमच जिले की मनासा विधानसभा क्षैत्र के लिए भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी श्री अरूण कुमार को विधानसभा निर्वचन के तहत केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक का शनिवार को नीमच आगमन हुआ। व्यय प्रेक्षक श्री अरूण कुमार के नीमच आगमन पर कलेक्टोरेट नीमच में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू एवं आर.ओ मनासा श्री पवन बारिया ने व्यय प्रेक्षक श्री अरूण कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



## नगरी में रामलीला के साथ डांडिया गरबों का हो रहा है आयोजन

**नगरी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** नगर में नवरात्रि का उत्साह चरम पर हैं। देवनारायण मंदिर परिसर में प्रतिदिन परंपरागत ढंग से रामलीला का मंचन हो रहा है। राजस्थान के कलाकारों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों का आकर्षक तरिके से चित्रण किया जा रहा है। शुक्रवार रात्रि को भगवान श्री राम के वनगमन के दोरान राम द्वारा अपने भाई लक्ष्मण एवं सीता के साथ नदी पार करवाने के लिए केवट से अनुनय विनय एवं केवट द्वारा सरयू पार कराने के प्रसंग का मनोहारी तरिके से मंचन हुआ। श्रीराम एवं केवट के मध्य हुए संवादों वाले दृष्य में दर्शक भाव विभोर हो गए। इसके पश्चात चित्रकूट पर पहुंचने तक का मंचन होता है। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में नागरिकों की उपस्थिति रह रही है। इसके साथ ही नगर के तेजाजी प्रागंण, गांधी चौराह, भूवाखेड़ी बस्ती एवं अयोध्या बस्ती में भी डांडिया गरबों का आयोजन हो रहा है। गरबा आयोजन में भजनों की धुन पर युवाओं एवं युवतियों द्वारा मा जगदंबा की आराधना करते हुए डांडिया गरबा खेला जा रहा है।



## मतदान हेतु दिलाई शपथ

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को नैतिक मतदान करने हेतु जागरूक किया एवं शपथ दिलाई गई। डा.निरंजन गंगवाल नोडल अधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के बारे में बताया गया एवं सी-विजिल एप्प स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को डाउनलोड करवाकर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कैम्पस एम्बेसेडर ज्योति सोनी भी उपस्थित थी।

## आनलाइन ओटीसी चालान जमा करने संबंधी प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के निर्देशन जिला कोषालय अधिकारी श्री बृजमोहन सुरावत एवं श्री वेदप्रकाश सिंह सेंगर, लेखा लिपिक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत ई-चालान जमा करने के लिए ऑनलाइन चालान एवं ओ.टी.सी. चालान के संबंध में सभी राजनीतिक पार्टी, रिर्टनिंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्र. 229 नीमच, 230 जावद, 228 मनासा के सहायक ग्रेड-3, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं ई-दक्ष केन्द्र प्रभारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत उम्मीदवार द्वारा भरे जाने वाले नामांकन फॉर्म हेतु अनिवार्य वांछित शुल्क भी ऑनलाइन एवं ओ.टी.सी. चालान से साइबर ट्रेजरी पर जमा कर सकते है। ऑनलाइन, ओ.टी.सी. चालान बनाने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर श्री वेदप्रकाश सिंह सेंगर, मो.न. 8817149968 जिला कोषालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## मारू परिवार द्वारा आज से सेवा प्रकल्प आयोजित होंगे

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** श्री गौतमुनिजी म.सा. की प्रेरणा से श्री लक्ष्मीलाल सूरजबाई मारू पारमार्थिक ट्रस्ट मंदसौर के तत्वावधान में व सकल जैन समाज मंदसौर के सानिध्य में 22 से 27 अक्टूबर 2023 तक स्व. लक्ष्मीलालजी मारू की 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मारू परिवार द्वारा आयोजित सेवा प्रकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

6 दिवसीय सेवा प्रकल्प कार्यक्रम अंतर्गत 22 अक्टूबर रविवार को प्रात: 11.30 बजे रोटरी आहार केन्द्र जिला चिकित्सालय, मंदसौर में भोजन पैकेट के लिये राशि भेंट की जाएगी। 23 अक्टूबर सोमवार को प्रात: 10 बजे श्री गोपालकृष्ण गौशाला बस स्टेण्ड, मंदसौर पर गौवंश को हरे चारा व लड्डू का आहार कराया जाएगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को प्रात: 11 बजे कमला नेहरू बाल मंदिर नईआबादी, मंदसौर में सर्वजनहीत गौतममुनि सेवा संस्थान में 2 सिलाई मशीन भेंट की जाएगी। 25 अक्टूबर बुधवार को प्रात: 10.30 बजे अपना घर सीतामऊफाटक, मंदसौर पर बच्चों को मिठाई, नमकीन व भोजन कराया जाएगा। 26 अक्टूबर गुरूवार प्रात: 11 बजे अन्नक्षेत्र मदारपुरा मंदसौर मिठाई, नमकीन व भोजन कराया जाएगा, सायं 5 बजे तीन छत्री बालाजी मंदिर खानपुरा, मंदसौर सीमेंट की चार बेंच भेंट की जाएगी तथा सायं 6 से 9 बजे तक मारू परिवार के निवास स्थान जैन मंदिर के पास, खानपुरा मंदसौर नवकार महामंत्र के जाप होंगे। 27 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात: 10 बजे ग्राम भड़ार्वद में लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय की टीम द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन होगा।

## डेक्स्टर ग्लोबल स्कूल में आयोजित हुआ गरबा उत्सव



**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** शहर के मध्य एवं मॉ शिवना के तट पर स्थित डेक्सटर ग्लोबल स्कूल में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में एक दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर माँ अम्बे की आराधना की। विद्यालय परिसर में आयोजित गरबा उत्सव के दौरान फ्री स्टाइल गरबे का आयोजन किया गया। जिस आयोजन में पारम्परिक वेशभूषा पहनकर शामिल हुए विद्यालय के प्ले ग्रुप से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह देखते ही बन रहा था। इस आयोजन में विद्यार्थियों सहित शिक्षकगण व विद्यालय स्टाफ ने सहभागिता की।

## पति को पीटने वाली पत्नी सहित 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पति के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला सहित 4 पर केस दर्ज किया। नारायणगढ़ ग्वाला गली निवासी घनश्याम पिता तुलसीराम खटीक ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी पत्नी अनिता ने अर्जुन माली व लोकेश शर्मा के साथ मिलकर मारपीट की, जिससे मेरे हाथ व अंगूठे पर चोंट आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।



## नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा

**लूनाहेड़ा, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** नगर सहित अंचल मे नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नीम चोक स्थित नव दुर्गा गरबा मड़ल मे बालिकाए नित नए परिधान पहनकर ड़ाड़िया रास खेल रही है। भक्ति की शक्ति आराधना का पर्व चरम सीमा पर है। नीम चोक स्थित गरबा पांड़ाल पर बड़ी संख्या मे महिलाए पुरूष व नव युवक अपनी आमद दर्ज कर गरबोउत्सव की शोभा बड़ा रहे है। नीम चौक स्थित माता रानी की आरती के दौरान गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर आरती कर धर्म लाभ ले रहे है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 445 | 1650 | 2200 |
| उड़द | 65 | 5142 | 10000 |
| सोयाबीन | 6500 | 3500 | 5000 |
| गेहु | 2700 | 2500 | 3231 |
| चना | 81 | 4400 | 6140 |
| मसुर | 71 | 3500 | 6180 |
| धनिया | 282 | 5400 | 6470 |
| लहसुन | 15100 | 7501 | 16101 |
| मैथी | 541 | 5870 | 7200 |
| अलसी | 1361 | 4601 | 5180 |
| सरसो | 274 | 4800 | 5259 |
| तारामीरा | 2 | 4691 | 4850 |
| इसबगोल | 18 | 11801 | 20001 |
| प्याज | 1621 | 1100 | 3410 |
| कलोंजी | 14 | 10000 | 17280 |
| डॉलर | 3 | 4101 | 13550 |
| तिल्ली | 1 | 15401 | 15401 |
| मटरसुखी | 16 | 2153 | 3700 |
| असालीया | 000 | 000 | 000 |

## श्री पिपलेश्वर महादेव गरबा पाण्डाल में पत्रकारों ने की शिरकत

### माताजी की आरती कर दिलाई शपथ, पहले मतदान बाद में दूजा काम





**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पहले मतदान बाद में दूजा काम। मतदाताओं से मतदान की यह अपील मंदसौर के पत्रकार साथियों ने श्री पिपलेश्वर महादेव गरबा पाण्डाल, अग्रसेन नगर गली नंबर 4 मंदसौर में गरबा खेल रहे गणमान्य नागरिकों से की। पत्रकारों ने कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। जैसे हम नवरात्रि का उत्सव मना रहे हैं वैसे ही सभी मतदाता, मतदान को एक उत्सव के रूप में मनाए। आपका एक वोट एक अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनेगा। इससे हमारे क्षेत्र का विकास होगा और हमारा भी पूरा योगदान होगा। इसलिए सबसे पहले मतदान बाद में दूजा काम। निष्पक्ष और षत प्रतिषत मतदान हम सबकी जिम्मेदारी है।

श्री पिपलेश्वर महादेव गरबा मण्डल अग्रसेन नगर गली नंबर 4 मंदसौर में आज मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकारगण गायत्री प्रसाद शर्मा, मनीष पुरोहित, नेमीचंद राठौर, नरेंद्र धनोतिया, महावीर जैन, अनिता भदोरिया, अनिल जोशी, उमेश नेक्स, जगदीश वसुनिया, सोनू जोशी, जितेंद्र देवडा, लक्ष्मण जटिया, राजेश शुक्ला, मनोहर सोलंकी, जितेंद्रसिंह सोलंकी, शम्भूसेन राठौर आदि मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत सर्वश्री श्याम गेहलोत, रामगोपाल गुप्ता, प्रकाश कोटवानी, निलेश गुप्ता, विनस गेहलोत, ओमप्रकाश जैन, सागर कोटवानी, रूद्रप्रताप सिंह रानेरा, आरव गेहलोत, रक्षांत वर्मा, कन्नू उपाध्याय आदि ने किया। संचालन पत्रकार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने किया। नवदिवसीय इस गरबोत्सव में माताओं बहनों द्वारा प्रतिदिन आगामी 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर जागरूकता भी बढाई जा रही है। माताओं-बहनों द्वारा एक से बढकर एक गरबों की प्रस्तुति डांडियां खेलकर दी जा रही है।

## नाम निर्देशन, संवीक्षा, विधिमान्यता, नाम वापसी एवं प्रतीक आवंटन के निर्देश

**नीमच, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन में नाम निर्देशन, संवीक्षा, विधिमान्यता एवं अविधिमान्यता, नाम वापसी एवं प्रतीक आवंटन के आयोग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नामिनेशन हेतु सुविधा एप पर वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की है। अभ्यर्थी निक्षेप की राशि का भी इसी समय ऑनलाइन चालान जमा कर सकेगा। ऑनलाइन नेट बैंकिंग, कॉर्पोरेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई पेमेंट एवं पीओएस आधारित भुगतान किये जा सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान के साथ-साथ साइबर ट्रेजरी अन्तर्गत ओटीसी चालान एवं ईएफटी के माध्यम से भी चालान जमा किये जाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

आयोग ने दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि नामांकन फार्म के साथ फार्म-2बी नामांकन फार्म, फार्म 26 शपथ-पत्र, शपथ/प्रतिज्ञान तथा बैंक खाते की जानकारी देना होगी। नामांकन उपरांत अभ्यर्थी को दिये जाने वाले दस्तावेजों में मतपत्र में मुद्रित किये जाने वाले नाम की हिन्दी एवं अंग्रेजी में सुवाच्य स्पेलिंग का पत्र, रैली, सभा, जुलूस, आयोजन हेतु व्यय योजना प्रारूप, बैनर, पोस्टर आदि मुद्रण सम्बन्धी प्रारूप क एवं ख, मीडिया में विज्ञापन प्रमाणन हेतु आवेदन अनुलग्नक ए एवं बी, आपराधिक पूर्ववत प्रकाशन हेतु प्रारूप सी-1 एवं सी-4 एवं निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति प्रारूप-8 तथा व्यय लेखा रजिस्टर पृष्ठांकित एवं सत्यापित एवं निर्देश अनुलग्नक-49 उपलब्ध कराये जायेंगे। इसी प्रकार प्रारूप 7ए के साथ अभ्यर्थी के निर्वाचक प्रतीक की प्रतिकृति, मतदान केन्द्रों की तीन सूचियां, सभी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को नामावली का (मय सर्विस वोटर) सेट, व्यय लेखा निरीक्षण का कैलेण्डर तथा आदर्श आचारण संहिता की प्रति के दस्तावेज उपलब्ध कराये जायेंगे।

### एसबीआई एटीएम की गेस कटर से काटकर हुई चोरी का पर्दाफाश...

# पांच बदमाश गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**30 हजार नगद सहित वारदात में उपयोग किए गए संसाधन व औजार जप्त**



**नीमच, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सरवानिया महाराज में विगत दिनो बदमाशो द्वारा एसबीआई बैंक के एटीम को काटकर करीब 25 लाख रूपए की लूट की गई थी। जिसे नीमच पुलिस कप्तान द्वारा गठित स्पेशल पुलिस टीम ने ट्रेस कर पूरी वारदात का पर्दाफाश कर दिया। मामले में 5 बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एटीएम से लूटे गए 30 हजार रूपए नगद एवं लूट करने के उपयोग में लिए गए संसाधन व औजार जप्त किए है। मामले में पुलिस कप्तान ने आरोपियो पर 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था।

पुलिस कप्तान द्वारा गठित स्पेशल टीम में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया थाना प्रभारी नीमच सिटी तथा निरीक्षक दीपक मंडलोई थाना प्रभारी जावद के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम को सफलता मिली। बता दें कि विगत 6-7 अक्टूबर 2023 की मध्य रात्रि में सरवानिया महाराज स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को अज्ञात आरोपियों द्वारा गेस कटर से काटकर एटीएम से लगभग 23 लाख 40 हजार रूपयें चुराकर ले जाने वाली राजस्थान हरियाणा गैंग (मैवात गैंग) के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार, गेस कटर, ब्लैक स्प्रे, प्लायर सहित 30 हजार रूपये जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडियॉ के सरवानिया महाराज स्थित एटीएम के केयर टेकर सुनिल हंसवाल निवासी सरवानिया महाराज द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कि 6-7 अक्टूबर की मध्य रात्रि में अज्ञात आरोपियो द्वारा एटीएम मे घुसकर सीसीटीवी के तार काटकर, एटीएम को गेस कटर से काटकर एटीएम मे रखे हुये रुपयें सहित सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चुराकर ले गयें। उक्त घटना पर से पुलिस थाना जावद पर अपराध धारा 457, 380 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गयी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान श्री अमित तोलानी द्वारा विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इस गंभीर घटना के खुलासे के लिये निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं निरीक्षक दीपक मंडलोई के नेतृत्व में अलग अलग टीम बनाकर वारदातों के समस्त संभावित पहलुओं पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। पूर्व में हुई घटनाओं का विश्लेषण किया गया। एटीएम के आस पास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर प्राप्त फुटेज का विश्लेषण कर कडी से कड़ी जोड़ते हुए विषेष पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा लगभग 500 किलोमीटर तक के टोल नाकों एवं अन्य स्थानों के सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया। सीसीटीवी कैमरो तथा अन्य तकनीकी संसाधनों एवं आसूचना तंत्र से प्राप्त इनपुट का सूक्ष्म विश्लेषण उपरांत राजस्थान हरियाणा गैंग (मैवात गैंग) के सदस्यों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया जाने संबंधी तथ्य प्राप्त हुए। दौराने विवेचना निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया को सूचना प्राप्त हुई कि सरवानिया महाराज एटीएम कटिंग की वारदात के दौरान प्रयुक्त वाहन जैसी दिखने वाली काले रंग की ब्रेजा कार जिसका नम्बर एचआर 98 बी 8930 है जिसमें लगभग 4-5 व्यक्ति बैठे है, जो कनेरा तरफ किसी घटना को अंजाम देने वाले है।

उक्त सूचना पर से विशेष पुलिस टीम द्वारा कनेरा तरफ जाकर घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर से वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज गति से चलाकर भागने का प्रयास किया गया। जिसे हिकमत अमली से रोककर पांचो आरोपियो को हिरासत में लिया गया। आरोपियो की कार से गेस कटर सहित एटीएम तोड़ने के उपयोग आने वाले अन्य औजार बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शैकुल पिता उन्नस खान उम्र 25 साल जाति मेव निवासी सावलेर थाना पाहाडी जिला भरतपुर राजस्थान, सुबुद्दीन पिता उम्मर मोहम्मद उम्र 27 साल जाति मेव निवासी बाग्धोली थाना पुन्हाना जिला नूह हरियाणा, साजिद पिता राजुद्दीन उम्र 25 साल जाति मेव ग्राम भाकड़ोजी थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा, शाहरूख पिता बसीर खान उम्र 25 साल जाति मेव निवासी कुकरपरी थाना जुरेडा जिला भरतपुर राजस्थान एवं आमिर पिता इदरिस खान जाति मेव उम्र 19 साल निवासी कल्याणपुर थाना खोह जिला डींग राजस्थान बताया। मामले में दो अन्य नामजद आरोपियो को पुलिस तलाश रही है।



# पुलिस की कार्यवाही: ढाई किलो गांजा, 30 किलो छिलका पकड़ा

**गरोठ, 21 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने आदर्श आचार संहिता को देखते हुए कड़ी चौकसी के साथ ही चेकिंग भी बढ़ा दी है। इसी दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 2 किलो 400 ग्राम गांजा जप्त किया। वहीं तीन आरोपियो के कब्जे से 30 किलो डोडा छिलका बरामद किया। मामले में पुलिस ने चारो आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उनि मनोज महाजन व हमराह फोर्स द्वारा दौराने वाहन चैकिग वारनी तिराहा मेलखेड़ा गरोठ रोड़ पर मेलखेड़ा तरफ से एक बगैर नम्बर की तूफान गाड़ी आती दिखी। वाहन चालक द्वारा उक्त वाहन को कुछ दुरी पर रोका व वाहन मे से एक व्यक्ति हाथ मे सफेद रंग का प्लास्टिक का कट्टा लेकर उतरा तथा कट्टे को लेकर भागने लगा। जिसे पीछा कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम बद्रीलाल पिता सुरेश गुर्जर निवासी कछालिया रोड गिरीराज होटल के पास गरोठ बताया। जिसके हाथ मे लिये सफेद रंग के कट्टे को चेक करते 2 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 24000 रूपये होना पाया गया। जिसे जप्त किया गया। आरोपी बद्रीलाल के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय मे पेश किया गया, जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

दूसरी घटना में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दौराने गश्त व स्थाई वारंटियो की तलाश के दौरान गरोठ बोलिया रोड रेल्वे फाटक के पास आम रोड पर तीन संदेही व्यक्ति अपने कंधो पर थेला लिये रेल्वे स्टेशन तरफ जाते हुए दिखे। जिन्हे फोर्स की मदद से पकड़ा उक्त तीनो व्यक्तियो से नाम पता पूछते उन्होंने अपना नाम जहांगीर उर्फ टेंकी पिता अलाउद्दीन शेख मुसलमान उम्र 32 साल निवासी वार्ड नम्बर 34 छावनी मोहल्ला मानसिंह कालोनी लुधियाना पंजाब हा.मु. कपुर बस्ती पुरानी दिल्ली, धर्मराज उर्फ जोगिन्दर पिता आत्मासिंह रायसिंक्ख उम्र 55 साल निवासी कपुर बस्ती 6 नम्बर चोकी पुरानी दिल्ली, हाकम पिता गीमा उर्फ अमन वाल्मीकी उम्र 24 साल निवासी कपुर बस्ती 6 नम्बर चोकी पुरानी दिल्ली बताया। उनके हाथ मे लिये थेले को चेक करते प्रत्येक थेले मे 10-10 किलोगाम कुल 30 किलोग्राम किमती 60 हजार अवेध मादक पदार्थ डोडा छिलका मिला। जिसे जप्त कर तीनो आरोपियो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।

# पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की भूमि पर रातोंरात जेसीबी चलाकर किया जा रहा है अवैध कब्जा-पार्षद गोस्वामी

**मंदिर प्रबंधक, तहसीलदार व पटवारी को सूचना देने के बाद भी नहीं की कार्यवाही**





**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** स्थानीय चन्द्रपुरा वार्ड नं. 26 स्थित सर्वे नंबर 3121 पर भू माफियाओं द्वारा रातों रात अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यह भूमि श्री पशुपतिनाथ अतिथिगृह से लगी हुई है। अतिथिगृह निर्माण का निर्माण 100 फीट जमीन पर किया गया था तथा बाउण्ड्रीवाल बनाकर पास में 40 फीट जमीन को बावड़ीकला में जाने के लिये छोड़ा गया था लेकिन चुनावी आचार संहिता के बीच भूमाफिया दुष्यंतसिंह गौतम द्वारा रातोरात जेसीबी चलाकर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसकी सूचना मंदिर प्रबंध समिति के प्रबधंक राहुल रूनवाल, तहसीलदार, कस्बा पटवारी महेश पाटीदार को सूचना दी गई लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करना संदेह को जन्म देता है। उक्त आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती संगीता शैलेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में आचार संहिता लगी हुई है ऐसे में प्रशासन पर किसी भी राजनेता का दबाव नहीं है उसके बावजूद एक भाजपा नेता के भाई द्वारा खूलेआम इस जमीन पर जेसीबी चलाकर अतिक्रमण करने की साजिश पर प्रशासन क्यों कार्यवाही नहीं कर रहा है ?

श्रीमती गोस्वामी ने कहा कि मंदिर समिति प्रबंधक राहुल रूनवाल को इस घटनाक्रम की जानकारी दी गई तथा उनके द्वारा भी इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारी को दी गई लेकिन अतिक्रमण की कार्यवाही को नहीं रोका गया। भूमाफिया द्वारा अगर यह कहा जाता है कि उक्त भूमि उसकी है तो उसका सीमांकन कराया जाना चाहिये था लेकिन सभी नियमों को ताक पर रखकर रातों रात खाई करने का काम शुरू कर दिया। जो कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्टदेखा जा सकता है। श्रीमती गोस्वामी ने कहा कि इस अतिक्रमण से बावड़ीकला क्षेत्र के निवासियों में काफी रोष व्याप्त है। इस अतिक्रमण से उनके क्षेत्र में आने जाने का रास्ता अवरूद्ध हो जायेगा। बावड़ीकला क्षेत्रवासियों के रोष की वजह से आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान होगा। पूर्व में भी इसका खामियाजा भाजपा ने विगत चुनावों में भुगतना पड़ा है। श्रीमती गोस्वामी ने कलेक्टर व पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार यादव से मांग की है कि अतिथिगृह के पास लगी भूमि का सीमांकन करावे व अतिक्रमण करने वाले दोषी भूमाफिया पर कार्यवाही की जावें।

## जोकचंद्र को किया हाईकमान ने तलब, मल्हारगढ़ का टिकट बदलने के आसार!

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मल्हारगढ विधानसभा सीट पर



निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान कर चुके कांग्रेस नेता श्यामलाल जोकचंद्र को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को तलब किया। सांसद नकुलनाथ के बंगले पर बंद कमरे में पौन घंटे तक हुई चर्चा ! मल्हारगढ विधानसभा के टिकट को बदलने की बात को मिला बल। टीवी चैनल पर टिकट बदलने की खबर चल रही है, ऐसे में जोकचन्द्र को बुलाकर चर्चा करने के कई मायने है। 1 या 2 दिन में दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की सीईसी की बैठक में मल्हारगढ से साथ ही प्रदेश की अन्य 10 सीटों पर पुर्नविचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जोकचंद्र का टिकट कटने से कार्यकर्ता व समर्थक काफी नाराज है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में समर्थकों ने जोकचन्द्र का टिकट कटने पर हाईकमान के प्रति नाराजी जताते हुए टिकट बदलने की मांग की थी। लगातार हो रहे विरोध के बाद हाईकमान ने मल्हारगढ सीट पर पुन:विचार करने के लिए शामिल किया है।



# नाम निर्देशन 30 तक लिए जाएंगे-कलेक्टर

**राजनीतिक दलों के साथ स्टेंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन-2023के दौरान नाम निर्देशन के संबंध में जिले के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि नाम निर्देशन का कार्य आज 21 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। यह कार्य प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक होगा। नाम निर्देशन के समय पांच व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तक जा सकेंगे। वाहन के संबंध में बताया गया कि 100 मीटर के दायरे में तीन वाहन लाने की अनुमति होगी। इस अवधि में 22, 24, 28, 29 अक्टूबर को शासकीय अवकाश रहेंगे। शेष दिनों में नामांकन फार्म लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बैठक में बताया गया कि नामांकन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थी का फोटो 3 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए, अभ्यर्थी को सेपरेट बैंक अकाउंट खुलवाना होगा। लेन-देन इस खाते से होगी। शपथ पत्र, राशि, जाति प्रमाण पत्र 30 अक्टूबर को 3 बजे तक जमा कर सकते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि 31 अक्टूबर को नामांकन संबंधी समीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थी के व्यय खर्च सीमा इस बार 40 लाख रुपए हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिनके अपराधी प्रकरण है उनको तीन बार इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में अलग-अलग तरीकों में विज्ञापन प्रकाशित करने होंगे।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मंदसौर के ...

# दो खिलाड़ियों ने सिल्वर एवं ब्रांज मेडल अर्जित किये

**मंदसौर, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में 3 से 5 अक्टूबर 2023 को संपन्न हुई खेलो एमपी ताइक्वांडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के तीन खिलाड़ियों ने भाग लेकर तनीषा पिता राधेश्याम कोकंदे सिल्वर मेडल, संदीप पिता राजू आर्य ब्रांज मेटल अर्चित किया दीपेश पिता अशोक गहलोत ने अपने खेल कौशल का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को विजय होने पर जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर के संरक्षक एडिशनल एसपी गौतम जी सोलंकी, खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र जी देवड़ा, शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्रिंसिपल कैलाशचंद जी सोलंकी, पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी राजू जी कुमार, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश जी भाटी, व्यायाम शिक्षिका शांता व्यास, चेतनदास गनछेड सर, व्यवस्था प्रभारी विजय जी कोठारी, सचिव गगन कुमार कुरील, टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील जी हीवे ग्वाला, अशोक जी गहलोत, दिनेश जी चंदवानी, दुर्गेश जी बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश जी सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, निशांत जोश, शाहिद जी मंसूरी, कमलेश जी डोसी, शाहिद जी हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, श्रीमती धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।





## गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट ने भरी सफलतापूर्वक उड़ान

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के महत्वकांक्षी गगनयान मिशन के तहत पहले मानव रहित उड़ान परीक्षण में आई तकनीकी खामी को दुरुस्त करते हुए 10 बजे इसे सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस सफल लॉन्चिंग की जानकारी देते हुए कहा, मुझे टीवी-डी1 मिशन की सफल उपलब्धि की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। इस मिशन का उद्देश्य एक परीक्षण वाहन के माध्यम से गगनयान कार्यक्रम के लिए चालक दल को ले जाने की प्रणाली का प्रदर्शन करना था। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यह क्रू मॉड्यूल एक मैक तक चला गया, जो ध्वनि की गति से थोड़ा ऊपर है और क्रू एस्केप सिस्टम के कार्य करने के लिए एक निरस्त स्थिति की शुरुआत की। क्रू एस्केप सिस्टम ने क्रू मॉड्यूल को वाहन से दूर ले लिया और बाद में टच-डाउन सहित संचालन किया। इसके बाद इसने समुद्र में बहुत अच्छी तरह से काम पूरा किया और हमारे पास इस सबकी पुष्टि के लिए डेटा है। इससे पहले इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में बताया, गगनयान के टीवी-डी1 लॉन्च को रोकने के कारण की पहचान करके उसे ठीक कर लिया गया। प्रक्षेपण सुबह 10 बजे करने की योजना है।

## धारदार हथियार के साथ 2 धराए

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** पुलिस ने धारदार हथियार के साथ आरोपियों को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने छुरा लेकर आमजन को भयभीत कर रहे कोटड़ा बहादूर निवासी राहुल पिता रमेश सूर्यवंशी व खजूरी चन्द्रावत निवासी भगवानसिंह पिता भुवानसिंह राजपूत को को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया।

## दुर्घटना में हुई थी मौत, बाइक सवार पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से हुई मौत के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को रात्रि 10 बजहे बण्ड पिपलिया निवासी राधेश्याम पंवार बाइक (एमपी 43 डीटी 6755) पर सवार होकर खेत से घर जा रहे थे, इसी दौरान मनासा की ओर से आ रही बाइक (एमपी 43 जेडसी 4525) पर सवार व्यक्ति ने तेज व लापरवाहीपूर्व चलाकर टक्कर मार दी थी। राधेयाम को परिजन नारायणगढ़ अस्पताल ले गए, जहां से मंदसौर व उसके बाद इन्दौर रेफर कर दिया। 18 अक्टूबर को इलाज के दौरान राधेश्याम की मौत हो गई। शिकायत के बाद नारायणगढ़ पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

### कांग्रेस कार्यालय में तोडफोड़, दिग्विजयसिंह की फोटो पर कालिख पोती...

# पुतला जलाया, प्रत्याशियों की घोषणा से भड़के कार्यकर्ता



**भोपाल, 21 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेशमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं की दूसरी सूची के सामने आते ही विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला शुरु हो गया है। शुजालपुर, निवाड़ी, दतिया की सेवढ़ा, मंदसौर की मल्हारगढ़ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी का नाम सामने आने के बाद कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए, यहां तक कि उन्होने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के अंदर दिग्विजयसिंह की फोटो पर कालिख पोतकर तोडफ़ोड़ कर दी। दिग्विजयसिंह व उनके बेटे जयवर्धन सिंह का पुतला जलाया। इसके अलावा जबलपुर में भी विरोध प्रदर्शन का दौर शुरु हो गया है, यहां पर एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव ने इस्तीफा दे दिया है। एक वरिष्ठ नेता निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सामने आ गए है।

सूत्रों की माने तो प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष व पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दामोदरसिंह यादव ने अपने समर्थकों के साथ विरोध जताते हुए दिग्विजयसिंह पर ओबीसी का हक मारकर अपने रिश्तेदारों को टिकट देने का आरोप लगाया है। दामोदर ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रदेश की 16 विधानसभा सीटो से चुनाव लडने का ऐलान किया है। इसी तरह अपनी विधानसभा से घोषित हुए प्रत्याशियों के विरोध में नाराज कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के बंगले के बाहर डेरा जमा लिया है। वे सुबह से विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रहे है।कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि उनकी विधानसभा से टिकट बदला जाए। निवाड़ी जिले से भोपाल पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कांग्रेस मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि निवासी से रजनीश पटेरिया प्रबल दावेदार रहे, उन्हे टिकट दिया जाना था। पीसीसी चीफ ने भी आश्वासन दिया था, लेकिन टिकट अमित राय को दे दी।

**यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी की कार में की तोड़फोड़**–कांग्रेस प्रत्याशी दीपक जोशी टिकट मिलने के बाद आज पहली बार खातेगांव पहुंचे थे।वे नेमावर में मां नर्मदा व भगवान सिद्धनाथ के दर्शन कर पूजन करते इससे पहले ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक कर काले झंडे दिखाना शुरु कर दिया, यहां तक कि कार के कांच तोड़ दिया। दीपक जोशी के सुरक्षा कर्मियों ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ धक्कामुक्की कर दी गई। माहौल को देखते हुए दीपक जोशी वहां से चले गए।

**100 गाडियों से भोपाल पहुंचे कार्यकर्ता**–इसी तरह शुजालपुर में प्रत्याशी रामवीरसिंह सिकरवार के विरोध में 100 से ज्यादा गाडियों में बैठकर कार्यकर्ता भोपाल पहुंच गए। जिन्होने कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्रसिंह बंटी को टिकट देने की मांग की। एक दिन पहले कार्यकर्ताओं रामवीर का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी कर कहा था कि शराब ठेकेदार नहीं चलेगा।

**इन सीटों को लेकर भी किया गया विरोध प्रदर्शन**–विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी लिस्ट आने के बाद देवास की खातेगांव, रतलाम की जावरा, शाजापुर की शुजालपुर, बुरहानपुर, रीवा, सेमरिया, नर्मदापुरम की सिवनी मालवा, गुना, महू, पवई, सेवढ़ा व निवाड़ी सीट पर भी कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

**✻ शवयात्रा ✻**



स्व. श्री आसनदास सेवानी की पुत्रवधू व स्व. श्री पुरषोतमदास, स्व. श्री लालचंद सेवानी, सुंदरलाल, जयकिशन, भगवानदास, वासुदेव सेवानी की बहू एवं रामभाई सेवानी की धर्मपत्नी व राहुल, कुणाल सेवानी की पूज्यनीय माताजी श्रीमती चंदा देवी सेवानी का दु:खद निधन हो गया है। जिनकी शवयात्रा आज 22 अक्टूबर 2023, रविवार प्रात: 11.30 बजे निज निवास रामकृष्ण विहार, कुमावत धर्मशाला के पास रामटेकरी मन्दसौर से निकलेगी।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
सेवानी परिवार

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन
डॉ. परीक्षित शर्मा
एम.डी. (स्कीन)
रविवार 22 अक्टूबर को सुबह 9 से दोप. 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
सुविधाएं– ✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गों की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)
करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in